## एक नजर में

### पुल-पुलिया पर पानी हो, तो पार न करें लोग

**शाजापुर, 10 अगस्त**. जिले में अतिवृष्टि को देखते हुए कलेक्टर ऋजु बाफना ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि कोई भी व्यक्ति पुल-पुलियोंओं, रपटों आदि पर पानी होने पर उन्हें पार नहीं करें. कलेक्टर ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण नदियां, तालाब, नाले उफान पर हैं, जिसके कारण पुल-पुलिया, रपटों पर पानी तेज बहाव के साथ बहने की स्थिति निर्मित हो सकती हैं. पुल-पुलिया, रपटों से पानी बहने की स्थिति में कोई भी व्यक्ति जोखिम नहीं ले और दो पहिया, चार पहिया इत्यादि वाहनों से पुल-पुलिया पार ना करे. पुल-पुलिया, रपटों से पानी उतरने की स्थिति में ही पार करें. कलेक्टर ने सभी शिक्षकों, पालकों से भी कहा है कि वे बच्चों को समझाईश दें कि पुल-पुलिया, रपटों में पानी होने पर उन्हें पार नहीं करें. कलेक्टर के निर्देश पर जिन पुल-पुलिया, रपटों पर खतरे की आशंका है, वहां चेतावनी संकेतक/बेरिकेट लगाए गए हैं तथा सुरक्षा के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है.

### अज्ञात वाहन की टक्कर से गाय घायल

**मोहन बड़ोदिया।** नलखेड़ा रोड पर अज्ञात वाहन ने एक गौ माता को टक्कर मार दी, जिससे गाय घायल हो गई. इसकी सूचना बजरंग दल कार्यकर्ताओं को दी गई. कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और घायल गौ माता का उपचार किया. इस मौके पर बजरंग दल नगर अध्यक्ष गोविंद बरेठा, गौरक्षा प्रमुख अनवेश राठौर, डॉ. गोलू जोशी, विजय बना, शुभ श्रीवास्तव, हर्षित शर्मा, मनीष, चेतन टेलर आदि उपस्थित थे.

### ट्रेन से गिरने से युवक की मौत की आशंका

**शुजालपुर, 10 अगस्त**. शुजालपुर और मोहम्मदखेड़ा रेलवे स्टेशन के बीच सोमवार को रेलवे ट्रैक के पास करीब 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई. शव मऊघाट के आगे रेलवे पोल क्रमांक 154 के समीप मिला, प्रथम दृष्टया पुलिस को आशंका है कि युवक चलती ट्रेन से गिरा होगा. सूचना मिलने पर जीआरपी और शुजालपुर मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची. युवक के सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट के निशान मिले हैं. शव अकड़ा हुआ होने के कारण पुलिस और चिकित्सकों ने हादसा करीब छह घंटे पहले होने की संभावना जताई है. युवक के पास से पहचान संबंधी कोई दस्तावेज, टिकट या अन्य सामान नहीं मिला. उसके शरीर पर भगवान महाकाल का नाम लिखा वस्त्र मिला है. मृतक के पास से एक मोबाईल मिला, जिस पर आए फोन के आधार पर मृतक बिलासपुर निवासी खेमचंद साहू उर्फ कालू होने की संभावना जताई. हालांकि पुलिस ने अभी पुष्टि नहीं की. मृतक के पास से मिले मोबाईल पर उसके पडोसी का फोन आया था, इसके बाद मोबाईल पानी में गिला होने से बंद हो गया. प्रधान आरक्षक राजेश वर्मा ने बताया कि जिस व्यक्ति का फोन आया उसे शुजालपुर मृतक के संभावित परिजनों के साथ आने के लिए कहा गया है.। उनके आने और शिनाख्त होने के बाद ही नाम व स्थान की पुष्टि हो सकेगी. बताया जा रहा है कि वह बिलासपुर से उज्जैन देव दर्शन के लिए निकला था. शव को रेलवे ट्रैक से हटवाकर शुजालपुर मंडी सिविल अस्पताल की मर्चुरी में सुरक्षित रखवाया गया है.

### नए विद्यार्थियों ने जाना कॉलेज का शैक्षणिक माहौल

**शुजालपुर, 10 अगस्त**. जे एन एस शासकीय महाविद्यालय में विज्ञान संकाय की ओर से नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षा आरंभ समारोह एवं इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने की. इस दौरान प्राचार्य डॉ. शर्मा ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, पाठ्यक्रमों, छात्रवृत्ति योजनाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी. उन्होंने विद्यार्थियों से शैक्षणिक के साथ सांस्कृतिक एवं सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया. विज्ञान संकाय प्रभारी एवं प्रवेश समिति के नोडल अधिकारी डॉ. मुकेश सिंह मेवाड़ा ने प्रवेश प्रक्रिया और विषय चयन से जुड़ी जानकारी देते हुए विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया. कार्यक्रम प्रभारी एवं गणित विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना गावंडे ने विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्षों व प्राध्यापकों से विद्यार्थियों का परिचय कराया. साथ ही मेंटोर प्रणाली, प्रयोगशालाओं, पाठ्यक्रम एवं विभागीय गतिविधियों की जानकारी दी. इस दौरान विद्यार्थियों को नियमित कक्षाओं में उपस्थित रहने और महाविद्यालय की शैक्षणिक सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के प्राध्यापक एवं नवीन प्रवेशित विद्यार्थी मौजूद रहे.

### सिंधी समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

**शुजालपुर, 10 अगस्त**. सिंधी मेला समिति एवं भारतीय सिंधु सभा भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में भोपाल में प्रांतीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया. समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 475 छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी रहे, जबकि अध्यक्षता विधायक भगवानदास सबनानी ने की. विशेष अतिथि के रूप में राजगढ़ पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं शिक्षाविद् कला मोहन मौजूद रहीं. कार्यक्रम में अध्यक्ष मनीष दरयानी, नरेश तलरेजा, प्रदेश अध्यक्ष गुलाब ठाकुर, महामंत्री महेश थारवानी, उज्जैन संभाग प्रभारी खुशीराम आचार्य सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे. समारोह में शुजालपुर से विभिन्न कक्षाओं एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया. इनमें कक्षा 10वीं की वृंदा खत्री और रिया मनवानी, कक्षा 12वीं के पंकज धनराजानी, मॉनेल खत्री और सागर खूबचंदानी शामिल रहे. वहीं एमबीए की सोनल लालवानी, बीएएमएस की डॉ. दर्शना खत्री, बीसीए की कशिश खत्री, बीटेक की मान्या जैसवानी तथा एम कॉम की मान्या खत्री को भी सम्मानित किया गया. समारोह के सांस्कृतिक कार्यक्रम में शुजालपुर की बालिका ख्वाहिश देव ने बांसुरी वादन की मनमोहक प्रस्तुति दी. उसकी मधुर धुन ने समारोह में मौजूद लोगों का मन मोह लिया और खूब सराहना मिली.

### मध्य रात्रि से सुबह तक करीब तीन इंच बारिश




**शुजालपुर।** इस वर्ष जब से वर्षाकल शुरू हुआ है उसके बाद पहली बार शुजालपुर नगर सहित आसपास के अंचलों में मूसलाधार बारिश अब देखने को मिली, रविवार की रात लगभग 2 बजे से सोमवार की सुबह तक अच्छी बारिश हुई. इस दरमियान लगभग तीन इंच पानी बरसा और क्षेत्र तरबतर हो गया. सोमवार को दिनभर हल्की मध्यम व तेज बारिश का क्रम चलता रहा. मौसम की इस पहली तेज बारिश से जलाशयों में भी जल स्तर बढ़ने लगा है. क्षेत्र से गुजरने वाली जमधड़ नदी सोमवार की दोपहर को छोटे पूल से ऊपर बह रही थी तो नेवज नदी में भी पानी का बहाव बढ़ गया. उधर तालाबों में भी पानी की आवक बढ़ने लगी है. मौसम की इस तेज बारिश से किसानों के साथ ही आमजनों ने भी राहत की सांस ली क्योकि लगभग दो माह का समय वर्षाकाल का बीत जाने के बाद भी अच्छी बारिश के लिए क्षेत्रवासी तरस रहे थे, फसलों पर भी संकट मंडरा रहा था. सोमवार की अल सुबह बारिश इतनी तेजी से हुई कि शहर के कई हिस्सों में नालियों व नालों का पानी मार्गों पर बहता नजर आया, एमजी रोड पर पानी की टंकी से लेकर टेंपो चौराहे के मध्य सड़क पर नाली का पानी बह रहा था. तेज बारिश के कारण सुबह 11 बजे तक जनजीवन भी प्रभावित हुआ और शैक्षणिक संस्थाओं में भी बच्चों की उपस्थिति कम रही.

# कुंडालिया डेम के सात गेट खोले, निचले इलाके में अलर्ट जारी

## मां बगलामुखी मंदिर के नाले पर पानी होने से बंद हुआ मार्ग

**नलखेड़ा। नगर व आसपास के क्षेत्र में हुई भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया. मां बगलामुखी मार्ग पर स्थित नाले का पानी पुलिया पर आने से मां बगलामुखी पहुंच मार्ग बंद हो गया. श्रद्धालु दूसरे मार्ग से मंदिर पहुंचे, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. वहीं क्षेत्र तेज बारिश के कारण लखुंदर नदी का भी जलस्तर बढ़ा, जिससे मां बगलामुखी मंदिर के पीछे बने घाट भी जलमग्न हो गए.**

नगर व क्षेत्र में रविवार रात्रि से झमाझम बारिश का क्रम शुरू हुआ, जो कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश के रूप में सोमवार तक जारी रहा. इस बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया. प्रशासनिक अधिकारियों ने भी ग्रामों की स्थिति पर नजर बनाए रखी व मौका निरीक्षण किया. तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी शशि उपाध्याय, पटवारी रामपाल सिंह तोमर इलाकों का भ्रमण करते रहे, ताकि नागरिकों को असुविधाओं समस्याओं से राहत मिल सके.



### लगातार बढ़ रहा वाटर लेवल...

क्षेत्र में रविवार रात्रि से कभी रिमझिम कभी तेज बारिश जारी है. जलस्तर बढ़ने से कुंडालिया डेम में पानी का स्तर बढ़ रहा था. इसे देखते हुए डेम के सात गेट और खोलना पड़े. जिनमे सोमवार दोपहर में चार गेट चार मीटर और दो गेट दो मीटर तथा एक गेट एक मीटर खोलकर 3366 .202 क्यूबेक पानी छोड़ा गया है. तेज बारिश के कारण डेम का वाटर लेवल 395 मीटर से 398 .30 मीटर तक पहुंच गया है.

**सीजन में पहली बार खोले गेट**

राजगढ़ और आगर जिले की सीमा पर स्थित कुंडालिया डेम हल्की बारिश के बाद भी लबालब भर गया है. इस मानसून सीजन में पहली बार डेम प्रबंधन ने इसके गेट खोले हैं. कुंडालिया डेम केचमेंट क्षेत्र में हुई भारी बारिश के कारण डेम में पानी की आवक लगातार बनी हुई है. इसके चलते डेम के 11 गेट में से सात गेट खोले गए, जिसके कारण निचले इलाके में नदी का बहाव तेज हो गया. वहीं प्रशासन द्वारा कुंडालिया डेम के नीचे ग्रामों के लोगों को अलर्ट किया गया.

**प्रशासन की अपील**

नदी नाले उफान पर होने से प्रशासन ने अपील की है कि यदि कहीं भी पुल पर पानी हो, तो उसे पार न करें. बारिश के दौरान जिले के पुल पुलिया एवं रपटों पर पानी रहने के दौरान वाहनों का आवागमन बंद किया जाए. इसके लिए कोटवार व अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है. रास्ते बंद करने के बाद भी वाहनों का आवागमन करने पर संबंधित वाहन चालक का लाइसेंस निरस्त किया जाएगा. साथ ही वर्तमान में लोग नदी व डेम पर सेल्फी लेने या फिर रील बनाने लगते हैं. कई बार उनकी यह हरकत जानलेवा साबित हो जाती है. जहां पानी का बहाव तेज हो, वहां भूलकर भी यह गलती न करें. नदी या नालों के किनारे से भी सोच समझकर ही निकलें.

### जान जोखिम में डालकर निकले लोग

लगातार हो रही क्षेत्र में बारिश से एक बार फिर नाले उफान पर आ गए हैं. रविवार रात्रि से हो रही बारिश से सोमवार को मां बगलामुखी मार्ग का नाला उफान पर आने से सड़क मार्ग बंद हो गए हैं. बगलामुखी मार्ग पर बने नाला उफान पर होने के बाद भी बच्चे व बड़े लोग जान जोखिम में डालकर लोग निकल रहे हैं. इतना ही नहीं बाइक को एक तरफसे दूसरी तरफतक ले जाते हुए देखे जा रहे हैं. जब सोशल मीडिया पर फोटो आए, उसके बाद प्रशासन के कर्मचारी वहां पहुंचे और रास्ते को बंद करवाया गया.

# अतिरिक्त सीएलसी चरण चलेगा 14 अगस्त तक

## छात्र-छात्राओं को मनपसंद कॉलेज में रिक्त सीटों पर प्रवेश का अंतिम अवसर

**शाजापुर। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण आयोजित किया जा रहा है. यह चरण 14 अगस्त 2026 तक संचालित होगा.**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बीकेएसएन शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शाजापुर के ई-प्रवेश जिला नोडल अधिकारी डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने ने बताया कि इस अंतिम चरण में विद्यार्थियों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर उपलब्ध रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा. महाविद्यालयों में उपलब्ध रिक्त सीटों की जानकारी विद्यार्थी के लॉगिन एवं संबंधित महाविद्यालय के लॉगिन पर प्रदर्शित है. पंजीकृत विद्यार्थी अपनी इच्छानुसार महाविद्यालय में रिक्त सीट उपलब्ध होने पर सीधे महाविद्यालय पहुंचकर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण कर सकेंगे.



**पहले आओ, पहले पाओ...**

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके तिवारी ने इच्छुक विद्यार्थियों से अपील की है कि वे पहले आओ, पहले पाओ... के आधार पर मिलने वाले इस अंतिम अवसर का लाभ उठाएं तथा अपनी पसंद के पाठ्यक्रम में रिक्त सीट उपलब्ध होने पर निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें. डॉ. बोड़ाने ने बताया कि प्रवेश संबंधी किसी भी जानकारी अथवा समस्या के समाधान के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय के कार्यालयीन समय पर हेल्प सेंटर से संपर्क कर सकते हैं.

### सिर्फ एक कॉलेज के लिए होगा पंजीयन...

डॉ. बोड़ाने ने बताया कि नवीन पंजीकृत विद्यार्थी विशेष रूप से ध्यान दें कि इस चरण में वे केवल एक महाविद्यालय के लिए ही पंजीयन कर सकेंगे. तत्पश्चात संबंधित महाविद्यालय के हेल्प सेंटर पर आवश्यक सत्यापन के उपरांत निर्धारित प्रवेश शुल्क 14 अगस्त 2026 को शाम 5 बजे तक जमा कर उसी दिन प्रवेश प्राप्त सकेंगे. निर्धारित समय सीमा के बाद प्रवेश मान्य नहीं होगा. प्रवेश से संबंधित समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से संपादित की जाएगी.

# समस्याओं को लेकर एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

**मोहन बड़ोदिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई मोहन बड़ोदिया द्वारा विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में विद्यालय स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों से अभद्र भाषा में बात करने, उन्हें धमकाने एवं विद्यालय की शैक्षणिक तथा मूलभूत व्यवस्थाओं में सुधार की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई.**

परिषद ने मांग की कि विद्यालय में सभी कक्षाओं एवं पीरियड का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए, साथ ही विद्यार्थियों से अभद्र व्यवहार एवं धमकाने की शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए. विद्यार्थियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करने हेतु विद्यालय स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने की भी मांग की गई. इसके अतिरिक्त विद्यालय में स्वच्छ एवं नियमित पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा अन्य शैक्षणिक एवं मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार करवाने की बात भी ज्ञापन में कही गई. परिषद ने स्पष्ट रूप से कहा कि विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है. बीईओ ने आश्वासन भी दिया कि 7 दिन में सभी को पूरा किया जाएगा और उन्हें सुरक्षित, सम्मानजनक एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है. इस दौरान जिला संयोजक वंशराज सिंह जादौन एवं नगर मंत्री कनक सोनी सहित परिषद के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

# तिरंगा यात्रा में सभी वर्गों की सहभागिता हो

**आगर-मालवा, 10 अगस्त. प्रदेश में 9 से 17 अगस्त तक तिरंगा अभियान आयोजित किया जा रहा है. इसके तहत जिला, विकासखंड एवं ग्राम स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजित की जा रही है. जिला मुख्यालय आगर पर 14 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा एवं 13 अगस्त को जिले के ग्रामीण अंचलों में तिरंगा यात्रा आयोजित की जाएगी.**

प्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने सोमवार को सर्किट हाउस आगर में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक में तिरंगा यात्रा की पूर्व तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की. बैठक में विधायक मधु गहलोत, जिला अध्यक्ष ओम मालवीय, जनप्रतिनिधि और एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, जिला जनसंपर्क अधिकारी जगदीश चंद्र मालवीय भी उपस्थित थे. बैठक में तिरंगा यात्रा आयोजन की अब तक की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री चौहान ने निर्देश दिए की भव्य तिरंगा यात्रा में समाज के सभी वर्गों के प्रबुद्धजनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए और यात्रा में अधिकाधिक आमजनों की उपस्थिति एवं सहभागिता के प्रबंध किए जाएं. जनप्रतिनिधियों से संवाद और समन्वय कर तिरंगा यात्रा का सुगम मार्ग तय किया जाए. इस यात्रा के सफल आयोजन में जिले के महाविद्यालयों और विद्यालयों के विद्यार्थियों और शिक्षक गणों की भागीदारी पर भी प्रभारी मंत्री ने जोर दिया है. प्रभारी मंत्री ने कहा कि यह तिरंगा यात्रा देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत रहे और यात्रा के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हो.

# इस बार शाही सवारी में प्रतिबंधित रहेगा डीजे

## 7 सितंबर को मक्सी में निकलेगी बाबा मारकंडेश्वर की शाही सवारी

**मक्सी। हिन्दू उत्सव समिति मक्सी की वार्षिक बैठक रविवार शाम को संपन्न हुई. बैठक में आगामी 7 सितंबर को बाबा मारकंडेश्वर की निकाली जाने वाली भव्य शाही सवारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. हिन्दू उत्सव समिति की वार्षिक बैठक का शुभारंभ बाबा मारकंडेश्वर एवं भगवान श्रीराम के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया. समिति पदाधिकारियों ने आयोजन को धार्मिक, भव्य एवं व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सदस्यों को सौंपी. साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि शाही सवारी में डीजे पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा.**

मक्सी हिंदू उत्सव समिति के संयोजक डॉ. रवि पांडे ने बताया कि इस वर्ष समिति द्वारा कुल चार धार्मिक सवारियां निकाली जाएंगी. इनमें सावन माह की दो तथा भादौ माह की दो सवारियां शामिल रहेंगी.



7 सितंबर को निकाली जाने वाली अंतिम एवं प्रमुख शाही सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ निकलेगी. सवारी में आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे, ढोल-ताशे, घोड़े-बग्घियां तथा पांच से सात अखाड़ों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी. बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि हरीश गड्डू पांडे द्वारा अपने स्व. पिता की स्मृति में बाबा मारकंडेश्वर की सवारी के लिए पालकी भेंट की गई है, जिसका उपयोग आगामी शाही सवारी में किया जाएगा. बैठक में डॉ. रवि पांडे, सुनील नानू पंड्या, गोविंद गोलू पटेल, संजय हाथी जैन, भगवान मंडलोई, मोहन सिंह कालू पटेल, हंसराज जैन, हरीश भावसार, कृष्णालाल भावसार, सपन गुप्ता, आशीष दुबे, देवनारायण चौधरी, हरीश गुड्डू पांडे, मनोज भावसार, राधेश्याम परमार, राजेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे.

### नियमों का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

बैठक में मक्सी थाना प्रभारी मदन इवने ने समिति पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिला प्रशासन एवं न्यायालय के निर्देशानुसार शाही सवारी में डीजे पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा. यदि किसी द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया, तो पुलिस कार्रवाई करेगी. थाना प्रभारी ने कहा कि सवारी में शामिल वॉलेंटियर्स व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करेंगे तथा किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करने वालों पर प्रतिबंध रहेगा. उन्होंने ध्वज के लिए लोहे के पाइप के स्थान पर बांस की लकड़ी का उपयोग करने की सलाह दी, ताकि करंट लगने जैसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके.

## एक नजर में

### मासूमों के कंधों पर किताबों का बोझ, कई स्कूलों में नहीं हो रहा शासन के आदेशों का पालन

# जिम्मेदारों की अनदेखी, बस्तों के बोझ तले दब रहा मासूम बचपन

**मोहन बड़ोदिया, 10 अगस्त. बच्चों को हम देश का भविष्य कहते हैं, लेकिन यह भविष्य आज बस्तों के बोझ तले दबा जा रहा है. जिनके कांधों पर उनसे ज्यादा वजन के किताबों से भरे बेग लदे नजर आते हैं. जबकि इसके लिए बहुत पहले प्रशासन आदेश जारी कर चुका है कि बच्चों पर ज्यादा बोझ न हो और पुस्तकों के लिए दिन नियत कर वही किताबें मंगवाई जाएं. यह आदेश जारी हुए काफी दिन हो चुके हैं, लेकिन न तो जिम्मेदार इस ओर ध्यान दे रहे हैं और न ही अभिभावकों की चिंता खत्म हो रही है.**

जानकारी के अनुसार स्कूल बैग का वजन बच्चे के कुल शरीर के वजन के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए. साथ ही प्री-प्राइमरी के लिए कोई किताब नहीं और साल में 10 दिन नो-बैग डे रखने का नियम है. इसके अलावा भी बच्चों को राहत देने के लिए स्कूलों को और भी कई निर्देश दिए गए थे ताकि बच्चों को राहत मिल सके और वे बगैर तनाव के अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे सकें, लेकिन प्रतिस्पर्धा की होड़ में लगे निजी स्कूलों के संचालकों ने बच्चों से उनका बचपन ही छीन लिया है. सुबह-सवेरे घर से निकलते ही उन्हें बोझा उठाकर घर से निकलना पड़ता है, जिससे उनकी शारीरिक क्षमता पर भी असर पड़ रहा है. वजन उठाकर स्कूल पहुंचने पर बच्चों का मन विचलित होना स्वाभाविक है, लेकिन बच्चों की यह परेशानी किसी को नजर नहीं आ रही और आज भी बच्चों को किताबों और पढ़ाई के बोझ तले दबाया जा रहा है, जिससे उनका बचपन तो छिन ही रहा है. वहीं शारीरिक विकास पर भी इसका विपरीत असर पड़ रहा है.



### परिणाम भी होता है प्रभावित...

बच्चों से उनके अभिभावक अच्छे परिणाम की अपेक्षा रखते हैं, लेकिन उनकी इस अपेक्षा पर खरा उतरने के लिए बच्चों को भी मानसिक रूप से मजबूत होना जरूरी है, जिनकी शारीरिक क्षमता बस्तों के बोझ तले कम होती जा रही है और बच्चों का परिणाम प्रभावित होने का सबसे प्रमुख कारण भी यही है. यदि स्कूल प्रशासन बच्चों की इस समस्या का समाधान कर दें, तो बच्चों को काफी सहूलियत हो सकती है और वे आगे चलकर अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं.

### शाजापुर में भव्य तिरंगा यात्रा निकलेगी कल

**शाजापुर, 10 अगस्त.** जिला प्रशासन शाजापुर द्वारा 12 अगस्त को सुबह 9 बजे से भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है. जिला स्तर पर निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा में सुबह 8 बजे खेल प्रशाल स्टेडियम शाजापुर में सभी एकत्रित होंगे. तिरंगा यात्रा 9 बजे खेल प्रशाल स्टेडियम से प्रारंभ होकर ट्रेफिक पाइंट, नई सड़क, चौक बाजार, सोमवारिया से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय ग्राउंड शाजापुर पर समाप्त होगी. जिला प्रशासन की ओर से अपील की गई है कि तिरंगा यात्रा में नगर एवं जिला शाजापुर के शासकीय एवं अशासकीय विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सामाजिक संगठनों, नागरिकों, युवाओं, मातृ शक्ति एवं सभी शासकीय अशासकीय महाविद्यालयों, विद्यालयों के विद्यार्थीगण जिला स्तर पर आयोजित तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाएं.